संख्या-68/2018/2637 ई-2/तेरह-2018-97/2016

प्रेषक

वेद प्रकाश राय,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा मेंए

जिलाधिकारी,
लखनऊ।

आबकारी अनुभाग.2 लखनऊ::दिनांक 07 अगस्त,2018

विषय:-जनपद लखनऊ के होटल/रेस्टोरेन्ट को बार अनुज्ञापन स्वीकृत करने के सम्बन्ध में।

.....

महोदयए

उपर्युक्त विषयक शासन को सम्बोधित एवं आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद को पृष्ठांकित अपने पत्र संख्या-1315/जि0आ0अ0/बार-अनु0/2018-19/लखनऊ, दिनांक 30 जून,2018 तथा पत्र संख्या-1202/जि0आ0अ0/बार-अनु0/2018-19/लखनऊ,दिनांक 22 जून,2018 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2. इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि संदर्भगत प्रकरण में जिला बार समिति की बैठक दि0 11-6-2018 तथा दिनांक 22-6-2018 में की गई संस्तुति एवं इसी संदर्भ में आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद के पत्र संख्या-जी-74/दस-लाइसेंस-01/एफ0एल0-6,7/होटल सेवी ग्राण्ड/बार अनु0/लखनऊ, दिनांक 17 जुलाई,2018 तथा पत्र संख्या-जी-79/दस-लाइसेंस-01/एफ0एल0-6,7/मे0 चरन प्लाजा/बार अनु0/लखनऊ, दिनांक 20 जुलाई,2018 में की गई संस्तुति व अन्य सुसंगत अभिलेखों पर सम्यक् विचारोपरान्त (1) मेसर्स चरन प्लाजा प्रा0लि0, 11-हबीबुल्ला स्टेट, हजरतगंज, लखनऊ को एफ0एल0-6(समिश्र) बार अनुज्ञापन तथा (2) होटल सेवी ग्राण्ड, 11-ए, विभूतिखण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ को एफ0एल0-6(समिश्र) बार अनुज्ञापन एतद्द्वारा इस शर्त के साथ प्रदान किया जाता है कि उक्त दोनों होटल/रेस्टोरेन्ट्स में सी0सी0टी0वी0 कैमरे की व्यवस्था होने, शान्ति व्यवस्था के दृष्टि से पर्याप्त सुरक्षाकर्मी होने तथा अग्निशमन विभाग की अनापत्ति में दी गई शर्तों को पूर्ण होने के पश्चात् ही लाइसेंस निर्गत किये जाएं।

तद्नुसार कृपया अग्रतर कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,
( वेद प्रकाश राय )
अनु सचिव।

---

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या-68/2018/2637(1) ई-2/तेरह-2018 तद्दिनांक

उपर्युक्त की प्रति आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद के पत्र संख्या-जी-74/दस-लाइसेंस-01/एफ0एल0-6,7/होटल सेवी ग्राण्ड/बार अनु0/लखनऊ, दिनांक 17 जुलाई,2018 तथा पत्र संख्या-जी-79/दस-लाइसेंस-01/एफ0एल0-6,7/मे0 चरन प्लाजा/बार अनु0/लखनऊ, दिनांक 20 जुलाई,2018 के संदर्भ में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

आज्ञा से,
( वेद प्रकाश राय )
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।